**Regarding death of a student of IIT, Delhi during a research tour in Ahmedabad- laid**

श्री आनंद भदौरिया **(धौरहरा) :** मै, सांसद, आनंद भदौरिया, उत्तर प्रदेश के जिला सीतापुर लोकसभा क्षेत्र धौरहरा के गांव बसारा के मूल निवासी श्री राम खेलावन की सुपुत्री सुरभि वर्मा के निधन के विषय में सरकार को अवगत कराना चाहता हूँ ।

सुरभि वर्मा IIT Delhi में शोध छात्रा थी । शोध के सिलसिले में अपनी गाइड प्रो० श्रीमती यामा दीक्षित के साथ चार दिवसीय दौरे पर गुजरात के अहमदाबाद गयी थी । इस टीम में प्रो० प्रभाकर एवं एक शोध छात्रा शिखा राय IIT Gandhinagar से भी शामिल थे ।

दिनाँक 27-11-2024 घटना स्थल पर मिट्टी के नमूने इकट्ठा करने के लिए सुरभि वर्मा को एक 12-15 फीट गहरे गड्ढे में उतारा गया । गड्ढे की मिट्टी फिसलने के चलते गड्ढे में दबने से घटना स्थल पर ही सुरभि का निधन हो गया ।

गड्ढा मानकों की अनदेखी करते हुए खोदा गया । खुदाई रोड़ कांट्रैक्टर द्वारा JCB से करायी गयी । खुदाई ASI निषिद्ध क्षेत्र में की गई । ASI से NOC नहीं ली गयी तथा खुदाई की कोई सूचना भी ASI, स्थानीय पुलिस, तहसीलदार एवं SDM को नहीं दी गयी । खुदाई के समय SOP का पालन नहीं किया गया । दुर्घटना के समय कोई बचाव दल भी मौजूद नहीं था । सुरक्षा मानकों को दरकिनार करते हुए छात्रा को गहरे गड्ढे में उतार दिया या जिसमें पहले से ही दलदल एवं पानी मौजूद था । जिसके कारण मिट्टी धंसने से छात्रा दब गई । इस प्रकार संस्था की घोर लापरवाही से छात्रा की जान चली गई ।

उक्त संदर्भ में निवेदन है कि SOP बनाकर उनका कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए ताकि भविष्य में ऐसी दुखद घटना किसी अन्य छात्र के साथ ना हो । घटना के लिए जवाबदेही तय की जाए।

● पीड़ित छात्र परिवार को 1.5 करोड़ रूपया मुआवजा दिया जाए ।

● आश्रित को योग्यता अनुसार केन्द्रीय शिक्षण संस्थान में नियुक्ति कराई जाये ।